# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान ने अंगदान जागरूकता अभियान के तहत 1,41,922 लोगों से अंगदान का संकल्प दिलाकर देश में पहला स्थान हासिल किया है?**

(A) तीसरा स्थान

**(B) पहला स्थान**

(C) दूसरा स्थान

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान ने अंगदान जागरूकता अभियान के तहत 1,41,922 लोगों से अंगदान
का संकल्प दिलाकर देश में पहला स्थान हासिल किया है।

इस मामले में महाराष्ट्र 1,17,914 संकल्पों के साथ दूसरे और गुजरात 48,616 संकल्पों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश 25,210 संकल्पों के साथ चौथे स्थान पर है।

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (NOTTO) ने 16वें इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे के अवसर पर राजस्थान को 'स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस' देने की घोषणा की है।

**Yesterday Revision**

**प्रश्न 1: अंडर-17 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2026 (बाकू) में राजस्थान के भीलवाड़ा की संध्या विश्नोई ने कौन सा पदक जीता है?**
**उत्तर: सिल्वर (रजत) पदक।**
**प्रश्न 2: भारतीय वायुसेना का 7 दिवसीय विशेष युद्धाभ्यास 'रोटर क्लैप-III' कहाँ आयोजित किया गया?**
**उत्तर: पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (राजस्थान) में।**
**प्रश्न 3: पटियाला में आयोजित इंडिया ओपन शॉटगन चैंपियनशिप में दौसा के निशानेबाज अभिषेक मीणा ने कौन सा पदक जीता है?**
**उत्तर: रजत पदक।**
**प्रश्न 4: राजस्थान में 'स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम' (SVEP) का क्रियान्वयन किसके माध्यम से किया जाता है?**
**उत्तर: राजीविका के माध्यम से।**
**प्रश्न 5: राजस्थान के किस जिले में स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS मेडिकल कॉलेज) को 'ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर' के रूप में विकसित किया जाएगा?**
**उत्तर: जयपुर।**

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 2.55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 2.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

(B) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई थी

**सही विकल्प चुनें**

**(A) दोनों सत्य हैं** (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत अब तक 2.55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 2.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इनमें लगभग 60 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

- इनमें 1.54 करोड़ से अधिक महिलाओं ने 67 हजार 982 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्राप्त किया है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने सूक्ष्म विनिर्माण इकाइयों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और अन्य गैर-निगमित लघु उद्यमों को संस्थागत वित्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राज्य सरकार द्वारा 'गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना' के तहत पशुपालकों को अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है।

(B) पशुपालक इस राशि का उपयोग पशु आहार खरीदने, शेड निर्माण और डेयरी से संबंधित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए कर सकते हैं।

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार द्वारा 'गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना' के तहत पशुपालकों को अधिकतम 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है।
- योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गोपालक किसान परिवारों को 1 लाख रुपये तक अल्पकालीन ब्याज मुक्त लोन (Interest Free Loan) एक वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध करवाया जाता है.
- राज्य बजट 2024-25 में प्रदेश के 5 लाख गोपालक परिवारों को इस योजना के तहत लोन उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान किया गया. अब राज्य बजट 2025-26 में इसमें 2 लाख 50 हजार अतिरिक्त गोपालक परिवारों को शामिल करने का प्रावधान किया गया है.
- पशुपालक इस राशि का उपयोग पशु आहार खरीदने, शेड निर्माण और डेयरी से संबंधित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए कर सकते हैं।

**03.राजस्थान में किस जिले के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के कमांडो सुनील कुमार जोधा का नाम अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) के मार्स (मंगल) मिशन के तहत मंगल ग्रह भेजा गया है?**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में अलवर जिले के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के कमांडो सुनील कुमार जोधा का नाम अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) के मार्स (मंगल) मिशन के तहत मंगल ग्रह भेजा गया है
- उनके नाम को एक डिजिटल माइक्रोचिप में दर्ज करके NASA के मार्स स्पेसक्राफ्ट के साथ मंगल ग्रह पर भेजा गया है, यह सम्मान उनके साहस, देशसेवा और अदम्य वीरता को समर्पित माना जा रहा है।
- सुनील कुमार जोधा वर्ष 2008 में हुए 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान ताज होटल में चलाए गए NSG के विशेष कमांडो ऑपरेशन का हिस्सा थे। इस अभियान में उन्होंने और उनकी टीम ने अपनी जान की परवाह किए बिना कई लोगों की जान बचाई।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) लद्दाख के विश्वप्रसिद्ध "हानले' गांव की तर्ज पर बीकानेर के सीमावर्ती एवं डार्क-स्काई क्षेत्रों को देश का प्रमुख 'एस्ट्रो-टूरिज्म हब' बनाया जाएगा

(B) बीकानेर देश का अग्रिम एस्ट्रोनॉमिकल रिसर्च केंद्र बनेगा, जिससे दुनिया भर के शोधकर्ता और पर्यटक यहां आएंगे।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रेगिस्तानी खूबसूरती के लिए विश्वविख्यात बीकानेर अब दुनिया के खगोलीय मानचित्र पर अपनी एक नई और अनोखी पहचान बनाने जा रहा है।

- लद्दाख के विश्वप्रसिद्ध "हानले' गांव की तर्ज पर बीकानेर के सीमावर्ती एवं डार्क-स्काई (कम प्रकाश प्रदूषण वाले) क्षेत्रों को देश का प्रमुख 'एस्ट्रो-टूरिज्म हब' बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।
- केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बताया कि बीकानेर को केवल पारंपरिक पर्यटन तक सीमित न रखकर इसे एस्ट्रो-टूरिज्म की वैश्विक राजधानी के रूप में विकसित करने की दृष्टि से यह पहल की गई है।
- इस पहल को जन-आंदोलन का रूप देने और युवाओं को विज्ञान से जोड़ने के लिए मंत्री ने "एक रात चांद के साथ' नामक एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम की भी शुरुआत की है। बीकानेर देश का अग्रिम एस्ट्रोनॉमिकल रिसर्च केंद्र बनेगा, जिससे दुनिया भर के शोधकर्ता और पर्यटक यहां आएंगे।

05. राजस्थान में कौनसी युवा साइकिलिस्ट स्विट्जरलैंड में आयोजित टूर डी फ्रांस फेम्स में हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला साइकिलिस्ट बन गई हैं।

(A) नीता चौधरी

(B) हर्षिता जाखड़

(C) संगीता बिश्नोई

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

‘ ■ चर्चित खिलाड़ी – हर्षिता जाखड़ (गंगानगर)

- खेल – साइक्लिस्ट
- युवा साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ ने स्विट्जरलैंड में आयोजित टूर डी फ्रांस फेम्स में शामिल होकर इतिहास रच दिया।
- • वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला साइकिलिस्ट बन गई हैं।

जयपुर, रविवार, 02 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-164

1 **राजस्थान** में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नैचुरल फार्मिंग' की स्थापना कहां की जा रही है?
(A) कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
(B) महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
(C) श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
(D) स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

2 **मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा द्वारा 1 अगस्त 2026 को 'राज्य स्तरीय वन महोत्सव' का शुभारंभ किस जिले से किया गया?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) डूंगरपुर

3 **अजरबैजान** में आयोजित अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राजस्थान की संध्या विश्नोई का संबंध किस खेल से है?
(A) मुक्केबाजी
(B) भारोत्तोलन
(C) निशानेबाजी
(D) कुश्ती

4 **कॉमनवेल्थ** पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ सम्मेलन में किस ऐतिहासिक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए?
(A) नई दिल्ली घोषणा-पत्र
(B) कॉमनवेल्थ शांति समझौता
(C) राजस्थान मेडिएशन ड्राफ्ट
(D) जयपुर घोषणा-पत्र

5 **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत प्रतापगढ़ जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) क्वार्ट्ज
(B) मार्बल के उत्पाद
(C) थेवा आभूषण
(D) गार्लिक प्रोडक्ट

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में किस जिले में स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS मेडिकल कॉलेज) को ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर (अंग पुनर्चक्रण/प्राप्ति केंद्र) के रूप में विकसित किया जाएगा**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine